पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आशियाना परिवार सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन किया

अनेकता में एकता हमारे देश की सबसे बड़ी विशेषता है - राज्यपाल

लखनऊः 10 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज आशियाना परिवार, लखनऊ द्वारा आयोजित 15वें दक्षिण लखनऊ सांस्कृतिक महोत्सव-2015 का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर शिक्षाविद्, श्री पूरन सिंह, संस्थापक, पायनियर माण्टेसरी स्कूल एवं श्री एन0एन0 धर त्रिवेदी, उपमहानिरीक्षक, एनआईए को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सांसद, श्री कौशल किशोर, विधायक श्री शारदा प्रताप शुक्ल, आशियाना परिवार के अध्यक्ष, श्री आर0डी0 द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि अनेकता में एकता हमारे देश की सबसे बड़ी विशेषता है। हमारा देश अतिविशाल एवं वृहद् देश है जिसका एक समृद्धशाली सांस्कृतिक पटल भी है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है। यहाँ अनेक भाषाएं हैं और सभी धर्मों को मानने वाले मिलजुलकर रहते हैं। लोक परम्पराओं और लोक कलाओं से पारस्परिक प्रेम और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि यहीं विशेषता हमारे देश को एक अलग पहचान देती है।

श्री नाईक ने आशियाना परिवार द्वारा आयोजित महोत्सव की तारीफ करते हुए कहा कि महोत्सव के आयोजक केवल नाट्य कला एवं नृत्य तक सीमित नहीं हैं बल्कि परोपकार का भी कार्य करते हैं। महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आये प्रतिष्ठित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे जिससे विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आपसी सहभागिता से कार्यक्रम सफल होते हैं।

राज्यपाल ने इस अवसर पर जम्मू कश्मीर से आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया। महोत्सव समिति द्वारा राज्यपाल को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

"जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपिगरीयसी"
भारतीयता एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

एकता का प्रतीक

''जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपिगरीयसी''

''हमारी संस्कृति- हमारी विरासत''
सम्पूर्ण भारतीयता एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक
''जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी''
दक्षिणायन
(राष्ट्रीय महोत्सव)